शिक्षा संस्कार ॐ सहभागिता समरसता

बांसवाड़ा परियोजना

कार्यालय -भारत माता मन्दिर, राती तलाई, बांसवाड़ा (राज.) 327001
फेक्स : 02962-240018, फोन नं. 02962-240018, मो. नं. 9414101912, 9414102261
Email : bharatmatamandirnyas@gmail.com ◆ Website : www.banswarapariyojana.com

माह - नवंबर 2019 अंक -015

भजन मण्डली प्रमुख एवं कोटवाल सम्मेलन

धर्म परायण बांसवाडा जिले मे निवासरत धर्म की अलख जगाने वाले तथा धूणी धामो से जुडे हुए जनजाति समाज के बंधुओ की आस्था निर्माण मे महती भूमिका है और इसी कारण यहां का जनजाति समाज विधर्मियो के चंगुल से बच पाया है। अतः ऐसे सभी भजन मण्डली प्रमुख एवं कोटवालो को वर्ष मे एक बार केन्द्रीय कार्यालय भारत माता मंदिर, बांसवाडा बुलाकर विस्तार से विचार विमर्श करते है।

इसी निमित्त 18 नवम्बर 2019 को प्रातः 10 बजे से सायं 5.00 बजे तक कोटवाल सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे 378 गांवो के कोटवाल सम्मिलित हुए। दिन भर 4 सत्रो की रचना के साथ वि.हि.प. के क्षैत्रीय मंत्री श्री सुरेश जी उपाध्याय, केन्द्रीय मंत्री श्री हरीशंकर जी शर्मा एवं केन्द्रीय सहमंत्री श्री रामस्वरूप जी महाराज का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

ग्रामीण क्षेत्र से आये जनजाति बंधू भजन मंडली एवं कोतवाल सम्मलेन में

बांसवाडा परियोजना द्वारा संचालित 38 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयो मे 8500 से अधिक अध्ययनरत विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास एवं प्रोत्साहन हेतु श्री बजरंग विद्या निकेतन उ.मा.विद्यालय शेरगढ मे दो दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थियो ने विज्ञान के विभिन्न आयामों के 68 प्रादर्श (मॉडल) बनाए।
इस अवसर पर सरकारी विद्यालयो के अनेको विद्यार्थियो ने भाग लिया। नगर मे शोभा यात्रा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ साथ ही क्विज प्रतियोगिता, विचार प्रकटीकरण पर प्रतियोगिताएं हुई।
इस अवसर पर परियोजना के 458 बालक-बालिकाओं ने 60 आचार्य बंधुओ के मार्गदर्शन मे भाग लिया।

विद्यार्थी अपने साइंस मॉडल्स आगंतुकों को दिखाते हुए

गुरु नानक देव जी का 550 वाँ प्रकाश पर्व उत्सव

गुरू नानक देव जी के 150वें प्रकाष वर्ष पर बांसवाडा जिले के सिख समाज, पंजाबी समाज, सिंधी समाज एवं हिन्दू समाज ने मिलकर सामूहिक विराट शोभायात्रा का कार्यक्रम किया जिसमे हजारो की संख्या में मातृशक्ति, पुरुष एवं बच्चो की उपस्थितिरही। गुरूद्वारे मे कीर्तन का कार्यक्रम एवं सम्पूर्ण समाज को प्रसादी के रूप मे लड्डू वितरीत किये गये।
इस अवसर पर वि.हि.प. अखिल भारतीय सहमंत्री श्री रामस्वरूप जी महाराज के नेतृत्व मे सैकडो हिन्दू समाज के लोगो ने भाग लेकर समाज मे समरसता का संदेश दिया।

550 वे प्रकाश पर्व की झांकी, शोभायात्रा एवं सबद कीर्तन

प्रकल्प दर्शन

जनजाति समाज के बीच चलने वाले विद्यालयो के अवलोकनार्थ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख श्री शिवलहरी जी ने 13, 14 नवम्बर को बांसवाडा तथा प्रतापगढ जिले के पडोली गोर्धन, खेरवा, भूंगडा, माण्डवी विद्यालयो का अवलोकन किया तथा ग्राम चुण्डाई मे आयोजित विशाल गंगा कलश यात्रा मे सम्मिलित हुए।
अगले दिन कुशलगढ़ तहसील के लसोडिया, भीलकुआं, सज्जनगढ, करमदिया एवं मोहकमपुरा विद्यालयो का अवलोकन कर रतलाम प्रस्थान कर गए।

बांसवाड़ा परियोजना प्रकल्प दर्शन

*Copyright © *2019* *BANSWARA PARIYOJANA*, All rights reserved.*

Our mailing address is:
BHARATMATAMANDIRNYAS@GMAIL.COM

Want to change how you receive these emails?
You can update your preferences or unsubscribe from this list.

Subscribe Past Issues Translate

This email was sent to <<Email Address>>
why did I get this? unsubscribe from this list update subscription preferences
Bharat mata mandir · Bharat mata mandir · rati talai · Delhi, 110009 · India

INTUIT mailchimp